

# अवैध कालोनी निर्माण कार्य रूकवाया

**रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा होमगार्ड कालोनी रोड स्थित नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान कालोनी की बाउण्ड्रीवॉल के समीप अवैध कालोनी का कार्य प्रगति पर पाये जाने पर पंचनामा बनाया जाकर संबंधित कालोनाईजर को कार्य बंद कर भूमि का समलीकरण करने के निर्देष दिये।**

निगम आयुक्त झारिया द्वारा नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान पाया कि कालोनी की पश्चिमी बाउण्ड्रीवॉल के समीप मोहम्मद अजहर पिता असलम खान द्वारा सर्वे क्रमांक 283/2 पर अवैध कालोनी निर्माण का कार्य प्रगति पर होकर 10 से 12 मकानों के कॉलम फाण्डेशन लेवल तक डाले गये है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सीएसपी हेमन्त चौहान, स्टेषन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर संबंधित को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देष दिये। संबंधित को पूर्व में नगर निगम द्वारा अवैध कालोनी निर्माण के विरूद्ध सूचना पत्र भी दिया गया था किन्तु संबंधित द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, मनीष तिवारी, श्रीमती अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े सहित पुलिस बल व निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

इन्दौर 25

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 08 दिनांक 26/01/2021

# सभी विभागों में लोक सेवकों की गोपनीय चरित्रावली होगी ऑनलाइन

**भोपाल ▪ गौरीशंकर चौरसिया**

प्रदेश में गोपनीय चरित्रावली लिखने के मामलों में हो रहे भेदभाव और बढ़ते भ्रष्टाचार को लेकर राज्य सरकार बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब इस प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग मौजूदा वर्ष में ही ऑनलाइन सिस्टम तैयार कर रहा है।

## सामान्य प्रशासन विभाग जल्द तैयार कर रहा यह सिस्टम

बताना होगा कि अंग्रेजी हुकूमत के समय से लोक सेवक के कार्य व्यवहार का चरित्र गोपनीय रखने के लिए विभाग के प्रमुख अधिकारियों को जवाबदारी दी गई थी। तब से चली आ रही इस प्रक्रिया में पारदर्शी बदलाव करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश के प्रत्येक विभाग में कर्मचारी और अधिकारी की गोपनीय चरित्रावली ऑनलाइन की जाएगी। सरकार का भी मानना है कि गोपनीय चरित्रावली लिखने के मामले में लगातार भेदभाव और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे मामलों की ताबड़तोड़ शिकायतों को लेकर सरकार हरकत में आई है। सामान प्रशासन विभाग का कहना है कि निकट दिनों में यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। इसके लिए सिस्टम तैयार किया जा रहा है। अगर गोपनीय चरित्रावली में कोई भेदभाव या चोट की जाती है तो लोक सेवक घर बैठे ही ऑनलाइन उसका अवलोकन कर संबंधित अधिकारी या स्थापना के बाबू को शिकायत कर सकता है।

**चरित्रावली खराब होने पर प्रमोशन में होती रही रुकावट:** सरकार के नियम के अनुसार लोक सेवक की गोपनीय चरित्रावली प्रतिवर्ष लिखी जाती है। इसके लिए पांच कॉलम निर्धारित हैं। सबसे पहले प्लस-क, कॉलम आता है, जिसमें यदि कर्मचारी के कार्य व्यवहार की अच्छी रिपोर्ट लिखी गई तो उसमें सर्वाधिक चार अंक मिलते हैं। इसके बाद क, में 3, ख, 2, ग 1 और सबसे अंत में घ, का कॉलम आता है। यह कॉलम घटिया माना जाता है और जीरो अंक प्राप्त होता है। पांच साल में इन्हीं अंकों का आकलन करके जब 10 अंक जोड़ते हैं, तब प्रमोशन दिया जाता है। सरकार के पास लगातार शिकायतें आती रही हैं कि काम अच्छा होने के बाद भी संबंधित अधिकारी द्वारा चरित्रावली खराब कर दी गई है। सामान प्रशासन विभाग संभालने के बाद मंत्री इंदर सिंह परमार ने जब समीक्षा की थी तो इस प्रकार की शिकायतों का अंबार भी उनके समक्ष आया था। इसके बाद विभाग चरित्रावली प्रक्रिया को पारदर्शी करने के लिए आगे बढ़ा है।

## लोक सेवक कर सकेंगे अवलोकन

सरकार के नियम के अनुसार अगर किसी लोक सेवक का कार्य व्यवहार ठीक नहीं है तो उसे विभाग प्रमुख लिखित में चेतावनी देता है कि वह अपने कार्य व्यवहार में सुधार करें। अनेक विभाग ऐसे हैं जहां सरकारी अधिकारी कर्मचारियों का आरोप रहा है कि उन्होंने काम अच्छा किया। कोई शिकायत नहीं रही, फिर भी चरित्रावली खराब कर दी गई है। ऐसे तमाम शिकायत के पहलुओं को देखते हुए सामान प्रशासन विभाग ने तय किया है कि मौजूदा वर्ष में यह प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी जाएगी। ब्लॉक से लेकर मंत्रालय स्तर तक संबंधित लोक सेवक इसका अवलोकन कर सकता है।

## इनका कहना



राज्य सरकार की मंशा के अनुसार विभाग ने निर्णय लिया है कि निकट दिनों में समस्त विभागों के लोक सेवकों की गोपनीय चरित्रावली ऑनलाइन की जाएगी। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। जहां जो भी गलत होगा। इस सिस्टम के तहत तत्काल पकड़ा जाएगा।

**इंदर सिंह परमार**, राज्यमंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग

217-26

**नगरीय निकाय चुनाव :** आयुक्त बीपी सिंह ने कहा- सरपंच के चुनाव ईवीएम से नहीं, मतपत्र से होंगे

# 3 मार्च को फाइनल होगी वोटर लिस्ट, इसके बाद करेंगे चुनाव की घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश की वोटर लिस्ट 3 मार्च को फाइनल हो जाएगी। नगरीय निकाय के चुनाव की घोषणा इसके बाद की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब चुनाव आगे नहीं बढ़ाए जाएंगे। बता दें कि नगरीय निकायों के चुनाव अप्रैल 2020 तक हो जाना चाहिए था। लेकिन कोराना संक्रमण के चलते चुनाव टाल दिए गए थे। पहले यह चुनाव फरवरी में कराने की तैयारी कमलनाथ सरकार ने की थी, लेकिन महापौर के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराने और कई जिलों में वार्डों का सीमांकन नए सिरे से करने की प्रक्रिया में विलंब होने के कारण यह संभव नहीं हो पाया था।




राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पंचायतों के चुनाव में सरपंच का निर्वाचन ईवीएम के बजाय मतपत्र से ही कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में पहली बार व्यवस्था की जा रही है कि उम्मीदवार घर बैठे ही ऑन लाइन नामांकन पत्र जमा कर सकेगा, लेकिन उसे नामांकन पत्र की जांच के दौरान निर्वाचन कार्यालय एक बार जाना होगा। उन्होंने बताया कि ऑन लाइन के अलावा ऑफ लाइन पर भी नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकेगा।

## संक्रमण के चलते तीन महीने के लिए स्थगित

मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय एवं पंचायतों के चुनाव कोविड-19 के संक्रमण के चलते तीन महीने के लिए स्थगित हो गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने 27 दिसंबर 2020 को आदेश जारी कर कहा कि अब ये चुनाव फरवरी 2021 के बाद कराए जाएंगे। आयोग के मुताबिक प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने चुनावों को स्थगित करने का प्रस्ताव भेजा था।

## नवगठित 29 नगर परिषदों में भी चुनाव होने बाकी

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कुल 407 नगरीय निकायों में से 307 का कार्यकाल 25 सितंबर को समाप्त हो गया। वहीं 8 नगरीय निकायों का कार्यकाल जनवरी एवं फरवरी 2021 में पूरा हो रहा है। त्रिस्तरीय पंचायतों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का कार्यकाल मार्च 2021 में समाप्त हो रहा है। नवगठित 29 नगर परिषदों में भी चुनाव होने बाकी हैं।

## बिना अनुमति के होर्डिंग्स लगाने पर प्रकरण दर्ज

रतलाम। बिजली खम्बे पर बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए जाने के मामले में नगर निगम ने थाने में अपराध दर्ज कराया है। स्टेशनरोड थाना पुलिस को नगर निगम से मिले पत्र में बताया गया कि थाना क्षेत्र सैलाना बसस्टेंड, दोबत्ती, महू-नीमच रोड, मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक से कोर्ट चौराहे सहित आदि स्थानों पर नगर निगम की अनुमति के बिना ही दो बाय दो के विज्ञापन होर्डिंग बिजली खम्बों पर लगाए गए। बहरहाल, आवेदन की जांच पर से पुलिस थाना स्टेशनरोड ने फरियादी नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर की रिपोर्ट पर मध्यप्रदेश संपति विरुपण निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

## निगम भवन पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया करेंगे ध्वजारोहण

रतलाम। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रातः 7.30 बजे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ध्वजारोहण करेंगे। निगम भवन पर प्रातः 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहेंगे।

## निगम आयुक्त झारिया करेंगे ध्वजारोहण

रतलाम। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रातः 7.30 बजे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम में निगम अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहेंगे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

# जिले में 26 हजार नए मतदाता जोड़े मतदान करने की शपथ दिलाई

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

रतलाम जिले में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कु[illegible] गुप्ता थे। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अ[illegible]षेक गहलोत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश का प्रसारण सुना गया तथा नवीन मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई गई। रतलाम जिले में नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए संचालित अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 22 हजार के विरुद्ध 26 हजार नवीन मतदाता जोड़े गए हैं।

कार्यक्रम [illegible] संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने कहा कि मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, खासतौर पर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर में कार्य करने वाले व्यक्ति को भी मतदान के लिए समय मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें।



## जागरूक मतदाता से ही प्रजातंत्र सुरक्षित

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने अपने उदबोधन में कहा कि जागरूक मतदाता से ही प्रजातंत्र सुरक्षित रहता है। विभिन्न प्रयासों से अब मतदान प्रतिशत में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। सुदृढ़ एवं मजबूत प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है कि सभी मतदाता निर्भीकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदाता देशहित में मतदान करें, संकीर्णता से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता द्वारा सभी उपस्थितजनों को मतदाता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। इस दौरान 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं तौसीफ अहमद, अमीरजहां, संदली शर्मा, सलोनी, निकिता, नेहा गांगवे, मंगलेश, अनंत अग्रवाल, हर्षिता चौधरी, सबा, विकास अलावे, आशीष पांडे, यावर खान, फैजान अली को मतदाता परिचय पत्र प्रदान किए गए। प्रारंभ में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजन से अवगत कराया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में पहुंचे गांव पटेलों ने किया हंगामा

रतलाम। कलेक्ट्रेट सभागृह में 25 जनवरी की सुबह आयोजित हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के बीच पहुंचे गांव पटेलों ने हंगामा किया। पटेल महासंघ के बैनर तले अध्यक्ष राजेश पटेल समारोह के बीच मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश कुमार गुप्ता के सामने पहुंचते हुए उन्हें अपना मांग पत्र थमाते हुए हंगामा कर दिया। एसडीएम और एएसपी ने उन्हें तरीके से बात करने और समारोह के बाद अपनी बात रखने के लिए कहा तो पटेल ने भड़कते हुए धक्का देने का आरोप लगा दिया। अचानक हुए हंगामे से वहां मौजूद अन्य नव मतदाता और लोग परेशान हो गए। राजेश पटेल ने कहा कि कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार आदि उनके अधिकारों का हनन करते हैं। गांव में पटेलों को कोई हक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने पटवारियों के साथ उनके बैठने की व्यवस्था करवाने, पंचायत सूची में उनका नाम लिखवाने आदि की मांग की। हंगामा बढ़ने पर एसडीएम अभिषेक गेहलोत और एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, पटेल को कक्ष के बाहर ले गए और चर्चा की। राजेश पटेल ने बताया कि उनके साथ अन्य गांव पटेल भी आए हैं जो धरने पर बैठेंगे। इसके बाद एसडीएम ने उन्हें कुछ मांगे मानने का आश्वासन दिया जिसके बाद वे लोग शांत हुए।

दबंग 26

# गंदगी करने पर 29 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर 25

**रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।**

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर मनीष चौहान, रजनीबाई, हरीश, समरथ पाटीदार, श्री महावीर टेन्ट हाउस, किशोर, भारत इलेक्ट्रीक करमदी रोड, इब्राहिम चमारिया नाका पर 500-500, रवि, आनन्द शर्मा, सुरेश चमारिया नाका पर 300-300, अजय महू रोड, शिवम् जावरा रोड पर 250-250, मोहसिन चमारिया नाका, मोहम्मद अरशाद पर 200-200, वैभव जैन, भावेश, लोकेश, चमारिया नाका, संजू कालिका माता रोड पर 100-100, कुलदीप, छोटू पानी पतासा, बालाजी चाट सेन्टर, नरेश, बबलू, सत्री पाल, भूपेन्द, अशोक, प्रकाश व सुनील कालिका माता रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर राज रोशन सज्जन मिल रोड पर 1000, आशापुरा रेस्टोरेंट राम मंदिर पर 250, एजाज अहमद, राजकमल सज्जन मिल रोड व कामाक्षी रेस्टोरेंट राम मंदिर पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर

## 580 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 23 जनवरी तक 580 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 23 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 580 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 23 जनवरी को अलकापुरी मुख्य मार्ग व चांदनी चौक से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

इन्दौर 25

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकारी का उपयोग करें

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर न्यायाधीश गुप्ता ने कहा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश गुप्ता थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश का प्रसारण सुना गया तथा नवीन मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए गए। साथ ही शपथ भी दिलवाई गई।

इस अवसर संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है खासतौर पर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सतत प्रयास करते रहना चाहिए । प्राइवेट सेक्टर में कार्य करने वाले व्यक्ति को भी मतदान के लिए समय मिले यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें।



### 26 हजार नए मतदाता जोड़े गए

कलेक्टर गोपालचंद डाड ने कहा कि जागरूक मतदाता से ही प्रजातंत्र सुरक्षित रहता है। विभिन्न प्रयासों से अब मतदान प्रतिशत में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। जिले में नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए संचालित अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 22 हजार के विरुद्ध 26 हजार नवीन मतदाता जोड़े गए हैं। सुदृढ़ एवं मजबूत प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है कि सभी मतदाता निर्भीकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें।

### मतदाता की शपथ दिलाई

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने कहा कि मतदाता देशहित में मतदान करें संकीर्णता से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित जनों को मतदाता की शपथ दिलाई । संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

स्वदेश 26

# जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



जिले में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता थे। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश का प्रस॰ ण सुना गया तथा नवीन मतदात ओं को मतदाता परिचय पत्र, वितरित किए गए। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने कहा कि मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, खासतौर पर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर में ॰ार्य करने वाले व्यक्ति को भी मतदान के लिए सम॰ मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें।"

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने अपने उदबोधन में कहा कि जागरूक मतदाता से ही प्रजातंत्र सुरक्षित रहता है। विभिन्न प्रयासों से अब मतदान प्रतिशत में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। रतलाम जिले में नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए संचालित अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 22 हजार के विरुद्ध 26 हजार नवीन मतदाता जोड़े गए हैं। सुदृढ एवं मजबूत प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है कि सभी मतदाता निर्भीकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें।

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदाता देशहित में मतदान करें, संकीर्णता से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता द्वारा सभी उपस्थितजनों को मतदाता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया।

अवन्तिका 26

**कोरोना वैक्सीन** • जिले के 9 केंद्रों पर हुआ टीकाकरण, ग्रामीण अंचलों में भी नजर आया जोश

# जिले में सुबह 1 बजे से पहले लगे सबसे ज्यादा टीके, 59% टीकाकरण, मेडिकल कॉलेज में दिखा सबसे ज्यादा उत्साह

## 7 केंद्रों पर 60% से ज्यादा ने लगवाई वैक्सीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सोमवार से जिलेभर में टीकाकरण की शुरुआत हो गई। जिले के 9 केंद्रों पर टीके लगे। अच्छी बात यह है कि 7 केंद्रों पर 60 फीसदी से ज्यादा लोगों ने टीके लगवाए। सबसे ज्यादा उत्साह मेडिकल कॉलेज में दिखा।

सुबह 9 बजे से वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई, जिले के 9 केंद्रों पर 1080 लोगों को टीके लगाए जाना थे। दोपहर 1 बजे से पहले सबसे ज्यादा 264 लोगों ने वैक्सीन लगवा ली। वहीं, दोपहर 1 से 3 के बीच 194 व 3 से 6 के बीच 180 लोगों ने टीके लगवाए।



बाल चिकित्सालय में टीका लगाने के बाद खुशी जताती आंगनवाड़ी कार्यकर्ता।

**लगे टीके** : मेडिकल कॉलेज में सोमवार को सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत टीकाकरण हुआ। 109 लोगों को टीके लगने थे, इनमें से 87 लोगों ने शाम 6 बजे तक टीके लगवाए। प्राइवेट अस्पताल वालों के साथ ही बचे स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगे। बाजना ब्लॉक में 45 लोगों ने वैक्सीन लगवाई। जबकि, 127 लोगों को वैक्सीन लगनी थी।

**पिपलौदा | पहला टीका सफाई कर्मचारी को लगा** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपलौदा में पहला टीका सफाई कर्मचारी लता नकवाल व दूसरा टीका एनआरसी केयरटेकर रेखा कुंवर को लगाया। भास्कर 26

### कहां-कितना टीकाकरण

| केंद्र | लक्ष्य | टीका |
|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | 109 | 87 |
| बाल चिकित्सालय | 109 | 68 |
| रेलवे अस्पताल | 113 | 74 |
| जावरा | 161 | 100 |
| आलोट | 142 | 60 |
| नामली | 108 | 70 |
| सैलाना | 111 | 60 |
| पिपलौदा | 100 | 78 |
| बाजना | 127 | 45 |

**सैलाना | सैलाना में डॉ. शैलेंद्र डांगे को लगा टीका** : सैलाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहला टीका महावीर सिंह पुरावत, दूसरा टीका खंड विस्तार प्रशिक्षक कैलाश यादव व तीसरा टीका बीएमओ डॉ. शैलेश डांगी को लगा। शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी कामिनी ठाकुर ने किया।

# हिफाजत : नगर निगम कर्मचारियों ने ली मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की क्लास, बताया... आग लग जाए तो कैसे करें बचाव



रतलाम | नगर निगम के कर्मचारियों ने सोमवार को मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की क्लास ली। दरअसल, डॉक्टरों को यह बताया गया कि यदि कॉलेज में आग लग जाए तो फायर सेफ्टी का उपयोग कैसे करना है। नगर निगम के फायर टीम लीडर देवेंद्र पुरोहित ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ को इमरजेंसी में फायर सिस्टम को कैसे ऑपरेट करना है, सिलेंडर को चेक करना, रिन्यू कैसे करवाना, उपयोग आदि के बारे में बताया। डॉक्टरों को डेमो भी बताए गए। मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी, अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता, डॉ. जगदीश डुडेकरी, डॉ. नीलम चार्ल्स, डॉ. केएस लिखार, डॉ. स्वर्णकांता लिखार, डॉ. मनोज पालीवाल, डॉ. रेखा विमल, डॉ. प्रवीण बघेल, डॉ. रितेश गुर्जर सहित अन्य मौजूद थे। भास्कर 26

# निकाय चुनाव की घोषणा 3 मार्च बाद

## राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने दिए संकेत

भोपाल(ब्यूरो)। प्रदेश में तीन मार्च के बाद नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में इसके संकेत दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जनवरी 2021 की स्थिति में मतदाता सूची तैयार की है, जिसके आधार पर सूची को पंचायत और वार्ड के हिसाब से बांटा जा रहा है। यह प्रक्रिया तीन मार्च तक पूरी करते ही हम चुनाव कराएंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि जिस दिन चुनाव होता है, उस दिन बहुत से मतदाता यहां-वहां भटकते रहते हैं कि उनका नाम नहीं है। उन्हें इसमें षड्यंत्र की बू आती है पर ऐसा नहीं होता है। मतदाता के नाम जोड़ने, हटाने या संशोधित करने की एक प्रक्रिया होती है। चुनाव आयोग जब यह काम करता है तो सभी को उसमें भागीदारी करनी चाहिए और अपना नाम जुड़वाना चाहिए। जिस तरह मतदाताओं ने कोरोनाकाल में हुए चुनावों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की है, उससे साफ है कि अब मतदाता जागरूक है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का काम शुरू हो गया है। आठ से 15 फरवरी तक आपत्ति दर्ज कराने का समय है। तीन मार्च को सूची बन जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी वीरा राणा ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में 8.43 लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अब ई-वोटर पोर्टल से मतदाता परिचय पत्र डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है। यह दस्तावेज मतदान के लिए मान्य होगा।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित:** कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार तोमर, संयुक्तमुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मोहित बुंदस, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी धरणेंद्र कुमार जैन और प्रमोद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आभा शुक्ला, सहायक प्रोग्रामर प्रवास जैन और राजीव जैन, प्रोग्रामर विनय देशमुख को प्रशस्ति पत्र दिए गए।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

भोपाल। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन अन्वेष मंगलम ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीजी अनिल कुमार, विपिन माहेश्वरी, मिलिंद कानस्कर उपस्थित थे।

नईदुनिया 26

### निकाय चुनाव में सशक्त दावेदारी के लिए समीक्षा कर रही बसपा

भोपाल (ब्यूरो)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में इन दिनों समीक्षा का दौर चल रहा है। नगरीय निकाय चुनावों में दावेदारी सशक्त रहे, इसके लिए पदाधिकारियों के कामकाज की पड़ताल की जा रही है। निकाय चुनाव से पहले जोन, विधानसभा और जिलास्तर पर पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी जुटाई जा रही है। जिलास्तर से यह जानकारी प्रदेश कार्यालय जाएगी। वहां समीक्षा के बाद पार्टी गतिविधियों में हिस्सेदारी कम होने पर पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जहां प्रदर्शन बेहद खराब होगा, वहां नई नियुक्ति का विकल्प भी खुला रखा गया है। संगठन का मानना है कि समीक्षा से पार्टी नेताओं में सक्रियता आएगी, जो निकाय चुनाव के लिए जरूरी है। इससे योग्य प्रत्याशियों के चयन और सक्रिय टीम को मैदान में उतारने में मदद मिलेगी।

> प्रदेशभर में जोन, विधानसभा और जिला इकाई के कार्यों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इससे काम करने वाले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को नई भूमिका देने में मदद मिलेगी। निकाय चुनावों में इसका फायदा मिलेगा।
> – रमाकांत पिप्पल
> प्रदेश अध्यक्ष, बसपा

### सरकार ने विभागों को दिए 15 हजार करोड़

भोपाल (ब्यूरो)। कोरोनाकाल में प्रभावित हुई आर्थिक गतिविधियों को वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में गति देने के लिए सरकार ने ताकत झोंक दी है। लोक निर्माण सहित आठ विभागों को तीन माह में खर्च करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, नगरीय विकास एवं आवास, अनुसूचित जनजाति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और चिकित्सा शिक्षा विभाग योजनाओं को गति देंगे। इस राशि के अतिरिक्त विभागों को और बजट की जरूरत पड़ती है तो उसके लिए अलग से प्रस्ताव भेजना होगा। सूत्रों का कहना है कि वित्त विभाग ने आठों विभागों के लिए विशेष व्यय सीमा निर्धारित की है। दरअसल, लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों के 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिल लंबित हैं और संधारण के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई विभागीय समीक्षा बैठक में बजट उपलब्ध कराने की बात उठी थी। यही वजह है कि सर्वाधिक 1950 करोड़ रुपये लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत किए गए हैं।

# अब देर नहीं... अप्रैल के पहले सप्ताह में हो सकते हैं नगरीय निकाय चुनाव

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

नगरीय निकाय चुनाव अप्रैल के पहले सप्ताह में हो सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग का मतदाता सूची रिविजन का काम 3 मार्च को पूरा हो रहा है। इसके बाद ही चुनाव कराए जा सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह ने सोमवार को इस बात के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची फाइनल होते ही चुनाव कराए जाएंगे। निकाय व पंचायत चुनाव अब आगे नहीं बढ़ेंगे। वे पहले ही बहुत आगे बढ़ चुके हैं। उनके इस बयान साफ है कि 3 मार्च के तत्काल बाद निकाय चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। उम्मीद है कि आयोग 5 से 15 मार्च के बीच चुनाव की अधिसूचना जारी कर देगा।

शेष|पेज 11 पर

### सीधी बात बीपी सिंह, राज्य निर्वाचन आयुक्त

**निकाय चुनाव के लिए क्या तैयारी है?**
-3 मार्च को हमारी मतदाता सूची फाइनल हो जाएगी। इसके बाद हम चुनाव की घोषणा कर देंगे।

**चुनाव की घोषणा से मतगणना तक कितना समय लगेगा?**
-चुनाव की पूरी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगेगा।

**आचार संहिता कहां लगेगी?**
-जिस क्षेत्र में चुनाव होंगे, वहां आचार संहिता लागू होगी। अन्य क्षेत्रों में नहीं लगेगी।

**सरकार ने 1 अप्रैल से ट्रांसफर पर बैन खोलने की बात कही है, इस पर क्या असर पड़ेगा?**
-चुनाव कार्य से सीधे जुड़े सरकारी कर्मचारियों का ट्रांसफर आयोग की अनुमति के बाद ही हो सकेगा।

भास्कर 26

चार लाख से ज्यादा कर्मचारियों के लिए झटका

# प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू नहीं होगी, सभी आवेदन निरस्त होंगे

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

प्रदेश के 4 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिलेगा। इन कर्मचारियों में 1 जनवरी 2005 के बाद राज्य सरकार की सेवा में आए अधिकारी-कर्मचारी, अध्यापक और पंचायत सचिव शामिल हैं। ये सभी न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को खत्म कर पुरानी पेंशन लागू करने की मांग कर रहे थे, जिसे सरकार के वित्त विभाग ने निरस्त कर दिया है। उसने तर्क दिया है कि प्रदेश में पेंशन नियम 72 लागू नहीं हैं। इसलिए इस बारे में जो भी आवेदन आए हैं, उन्हें खारिज किया जाए।

बता दें कि पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए भोपाल, ग्वालियर, शाजापुर, शिवपुरी, मंदसौर, उज्जैन, रीवा, दतिया, नीमच और रायसेन जिले से शिक्षकों और कर्मचारियों ने आवेदन दिए थे। ये आवेदन जिला शिक्षाधिकारियों ने लोक शिक्षण संचालनालय को भेजे। यहां से लोक शिक्षण आयुक्त जयश्री कियावत ने वित्त विभाग को पत्र लिखकर पूछा कि क्या परिवार पेंशन नियम 1972 (पुरानी पेंशन) के दायरे में लाकर लाभ देने के लिए एनपीएस के तहत 15 सालों में हुई कटौती को जीपीएफ में जमा कराया जा सकता है। इसके जवाब में वित्त विभाग ने कहा कि मप्र में पेंशन नियम 1972 लागू नहीं है। अध्यापकों के आवेदन निरस्त किए जाते हैं। साथ ही सीएम मॉनिटरिंग में भी जो आवेदन आए हैं उन्हें निरस्त किया जाए।

शेष पेज 11 पर

मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। स्वदेश 25

स्वदेश क्र.10 दिनांक 26/01/2021

स्वदेश 26

### मुख्य परेड की सलामी कलेक्टर लेंगे

# उत्साह और उमंग के वातावरण में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। प्रात: 9 बजे यह कार्यक्रम शुरू होगा। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। शासकीय विभागों द्वारा अपने कार्यक्रम, योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन 9.55 पर होगा। 10.10 बजे पुरुस्कार वितरण, आभार तथा 10.30 बजे मध्यप्रदेश गान होगा।

स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों और लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान उनके घर जाकर किया जाएगा। वे शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किए जाएंगे। मिसाबंधु महेन्द्र नाहर ने बताया कि नगर में 55 मिसाबंधु थे, जिनमें से अब 26 ही जीवित है। सभी सरकारी कार्यालयों पर विभाग प्रमुख ध्वजारोहण करेंगे तथा शासकीय भवनों पर रोशनी भी की जाएगी। रतलाम विकास प्राधिकरण कार्यालय में कलेक्टर गोपालचंद डाड द्वारा प्रात: 8.15 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।

**निगम भवन पर ध्वजारोहण-** निगम भवन पर प्रात: 7.30 बजे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ध्वजारोहण करेंगे।

**कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण-** शहर कांग्रेस द्वारा कार्यालय गीता मंदिर रोड़ पर प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता खुर्शीद अनवर, फतेहलाल कोठारी, भगवतीशंकर जोशी होंगे। अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया ने बताया कि इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन भी किया जाएगा। सभी कांग्रेसजन इस अवसर पर मौजूद रहे।

**भाजपा कार्यालय पर ध्वजारोहण-** पैलेस रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रात: 8 बजे ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# जिले में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

जिले में भी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य समारोह रतलाम स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा। जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन होगा। हर्ष फायर के बाद मार्च पास्ट प्रारंभ किया जाएगा। शासकीय विभागों द्वारा अपने कार्यक्रमों योजनाओं पर आधारित झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके बाद उत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए पुरस्कार और फिर आभार और मध्यप्रदेश गान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## कांग्रेस कार्यालय पर आज होगा ध्वजारोहण

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर शहर कांग्रेस कार्यालय गीता मंदिर रोड पर प्रात 9 बजे झंडा फहराया जाएगा। जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने प्रेस विज्ञप्ति में दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ खुर्शीद अनवर, फतेह लाल कोठारी, एवं पूर्व अध्यक्ष भगवती शंकर जोशी उपस्थित रहेंगे।

## गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस रहेगा

दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी गोपालचन्द डाड द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटलबार तथा सभी मद्यभाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिले में गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा

रतलाम। जिले में भी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य समारोह रतलाम स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 9 ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.5 बजे परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन होगा। 9.25 बजे हर्ष फायर तथा 9.45 बजे मार्च पास्ट किया जाएगा। शासकीय विभागों द्वारा अपने कार्यक्रमों योजनाओं पर आधारित 9.55 बजे झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। 10.10 बजे पुरस्कार वितरण, आभार तथा 10.30 बजे मध्यप्रदेश गान होगा। अग्निबाण 26

# गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस रहेगा

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटलबार तथा सभी मद्य भाण्डागार बंद रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। अग्निबाण 26

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया



रतलाम। जिले में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार गुप्ता थे। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश का प्रसारण सुना गया तथा नवीन मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश उमेश गुप्ता ने कहा कि मतदान के लिए मतदाताओं में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, खासतौर पर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु सतत प्रयास करते रहना चाहिए। प्राइवेट सेक्टर में कार्य करने वाले व्यक्ति को भी मतदान के लिए समय मिले यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिकाधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें।

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने अपने उद्बोधन में कहा कि जागरूक मतदाता से ही प्रजातंत्र सुरक्षित रहता है। विभिन्न प्रयासों से अब मतदान प्रतिशत में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। रतलाम जिले में नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए संचालित अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य 22 हजार के विरुद्ध 26 हजार नवीन मतदाता जोड़े गए हैं। सुदृढ़ एवं मजबूत प्रजातंत्र के लिए आवश्यक है कि सभी मतदाता निर्भीकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें।

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदाता देशहित में मतदान करें, संकीर्णता से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता द्वारा सभी उपस्थितजनों को मतदाता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया। इस दौरान 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं तौसीफ अहमद, अमीरजहां, संदली शर्मा, सलोनी, निकिता, नेहा गांगवे, मंगलेश, अनंत अग्रवाल, हर्षिता चौधरी, सबा, विकास अलावे, आशीष पांडे, यावर खान, फैजान अली को मतदाता परिचय पत्र प्रदान किए गए। प्रारंभ में अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजन से अवगत कराया गया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

रतलाम। रतलाम जिले में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री उमेश कुमार गुप्ता थे। कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इंद्रजीत बाकलवार, एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश का प्रसारण सुना गया, तथा नवीन मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर शपथ भी दिलाई गई।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जावे तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जावे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ ..03.. दिनांक ..25/01/....2021

# नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नजरिया बदलना होगा

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में - जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प

**रतलाम। शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम का अमला दिन-रात काम कर रहा है। साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा। पर मुश्किल काम भी नहीं है।**

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। इसके लिए आम लोगों को भी स्वच्छता के लिए जागरुक किया जा रहा है। लोगों को गंदगी से होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया जाता है। साथ ही आसपास की साफ-सफाई के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा कुछ सामाजिक संगठन भी स्वच्छता को लेकर लोगों को लगातार जागरूक करते रहते हैं। शहर की सफाई के लिए सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। लोग सड़क,नाले और नालियों पर जहां-तहां कूड़े-कचरे को न फेंके, बल्कि हमेशा डस्टबिन में ही कूड़े को डाले और इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन में ही करें। इसके लिए लोगों को भी जागरुक करें। सभी की भागीदारी से ही हम साफ और स्वच्छ शहर की कल्पना कर सकते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डालें। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

इन्दौर 25

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर पृष्ठ 01 दिनांक 26/01/2021

**गणतंत्र दिवस** • मुख्य समारोह में कलेक्टर परेड की सलामी लेंगे

# पुलिस परेड ग्राउंड में होगा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में मंगलवार को 72वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य आयोजन में मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

पुलिस परेड ग्राउंड में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण व राष्ट्रगान होगा। सुबह 9.5 बजे मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। सुबह 9.10 बजे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन होगा। 9.25 बजे हर्ष फायर तथा 9.45 बजे मार्च पास्ट किया जाएगा। 9.55 बजे से शासकीय विभागों द्वारा अपने कार्यक्रमों योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद पुरस्कार बांटे जाएंगे। सुबह 10.30 बजे मध्यप्रदेश गान होगा।

नगर निगम भवन में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया सुबह 7.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डीआरएम कार्यालय पर डीआरएम विनीत गुप्ता सुबह 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। मोमिन पुरा चौराहे पर सामाजिक संस्था इस्लामिया हिंद कमेटी द्वारा सुबह 10.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं शहर सहित जिले में शासकीय, गैर शासकीय संगठनों के अलावा चौराहे-चौराहे पर झंडावंदन कर गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया जाएगा। वहीं मोनू मराठा मित्र मंडल द्वारा महलवाड़ा से दोपहर 12 बजे तिरंगा वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दोबत्ती पहुंचेगी। भास्कर

## देशप्रेमी युवा संगठन ने निकाली तिरंगा यात्रा



नामली | नगर के देशप्रेमी युवा संगठन ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। सेमलिया रोड से देशभक्ति के गीतों के साथ युवा हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर चल रहे थे।

# जिले में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

**मुख्य समारोह में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे**

रतलाम। जिले में भी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य समारोह रतलाम स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होगा जहां मुख्य अतिथि कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। पुलिस परेड ग्राउंड पर प्रातः 9 ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.5 बजे परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के संदेश का वाचन होगा। 09.25 बजे हर्ष फायर तथा 9.45 बजे मार्च पास्ट किया जाएगा। शासकीय विभागों द्वारा अपने कार्यक्रमों योजनाओं पर आधारित 9.55 बजे झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। 10.10 बजे पुरस्कार वितरण, आभार तथा 10.30 बजे मध्यप्रदेश गान होगा। स्वदेश

## गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस रहेगा

रतलाम. गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दण्डाधिकारी गोपालचन्द्र डाड द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने वाईनरी, वाईन आउटलेट, होटलबार तथा सभी मद्यभाण्डागार बंद रहेंगे।

# गणतंत्र दिवस का उजास



**रतलाम.** गणतंत्र दिवस पर्व को लेकर कलेक्टोरेट और नगर निगम भवन पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। पत्रिका 26